अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

09 FEB., 2024

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams



Sunil Lawania

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra


8476067777, 8394040777

1. **सरकार की मार्च 2026 तक 25,000 जनऔषधि केंद्र खोलने की योजना है**




- सरकार ने 31 मार्च 2026 तक देशभर में 25,000 जनऔषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है।
- राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में, केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री भगवंत खुबा ने कहा कि 31 जनवरी, 2024 तक देश भर में लगभग 10,624 प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) कार्यरत थे।
- उन्होंने कहा कि योजना के और विस्तार के लिए सरकार ने 31 मार्च 2026 तक 25,000 जनऔषधि केंद्र (जेएके) खोलने का लक्ष्य रखा है।
- तदनुसार, फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेज ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई) ने देश के सभी जिलों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

2. **RBI ने ब्याज दरों को 6.5% पर जस का तस रखा है**



- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने लगातार छठी बार ब्याज दरों बदलाव नहीं किया है।
- RBI ने ब्याज दरों को 6.5% पर जस का तस रखा है।
- यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी EMI भी नहीं बढ़ेगी। RBI ने आखिरी बार फरवरी 2023 में दरें 0.25% बढ़ाकर 6.5% की थीं।

3. **वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 8 फरवरी को लोकसभा में श्वेत पत्र पेश किया**



- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज यानी 8 फरवरी को लोकसभा में श्वेत पत्र पेश किया।
- 59 पेज के श्वेत पत्र में 2014 से पहले और 2014 के बाद की भारतीय अर्थव्यवस्था की जानकारी दी गई है।
- श्वेत पत्र का मकसद मनमोहन सिंह सरकार बनाम नरेंद्र मोदी सरकार के समय आर्थिक हालात की तुलना करना है।
- इसके जरिए ये दिखाया गया है कि कैसे सरकार ने PM मोदी के नेतृत्व में देश को आर्थिक बदहाली से बाहर निकाला।

4. **पोलर बीयर की तस्वीर खींचने वाले को मिला वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर पीपुल्स च्वाइस अवार्ड**



- बर्फ के टुकड़े पर सोते हुए पोलर बीयर (ध्रुवीय भालू) की तस्वीर को वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर पीपुल्स च्वाइस अवार्ड 2023 मिला है।
- इस तस्वीर की कैप्चर करने वाले विजेता का नाम नीमा सरीखानी है।
- हर साल यह फोटोग्राफी कंपटीशन नेचुलर हिस्ट्री म्यूजियम के जरिए आयोजित की जाती है।

5. **'लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स रिपोर्ट (2023): कनेक्टिंग टू कॉम्पिटिशन 2023' रिपोर्ट जारी की**

THE WORLD BANK
Logistics Performance Index

- LPI 2023 रिपोर्ट के अनुसार, भारत की रैंक में 2018 में 44 से छह स्थान और 2014 में 54 से 16 स्थान का सुधार हुआ है।

- यह देशों को व्यापार लॉजिस्टिक के प्रदर्शन में आने वाली चुनौतियों और अवसरों की पहचान करने में मदद करता है।
- यह विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला कड़ियों और इसे सक्षम करने वाले मूलभूत घटकों को स्थापित करने की सुलभता का आकलन करता है।

**6. उपमुख्यमंत्री तथा वित्त मंत्री दिया कुमारी 8 फरवरी 2024 को वित्तीय वर्ष 2024- 25 के राज्य के लेखानुदान (बजट) को पेश किया**



- उपमुख्यमंत्री तथा वित्त मंत्री दिया कुमारी 8 फरवरी 2024 को वित्तीय वर्ष 2024- 25 के राज्य के लेखानुदान (बजट) को पेश करेगी
- 20 साल बाद इस बार वित्त मंत्री के रूप में मुख्यमंत्री बजट पेश नहीं करेंगे2004 से 2023 तक वित्त विभाग मुख्यमंत्री के पास रहा है
- राजस्थान इतिहास में पहली बार कोई महिला स्वतंत्र रूप से बजट पेश करेगी
- लेखानुदान- कुछ महीनो के लिए केवल व्यय का लेखा-जोखाआम बजट - संपूर्ण वित्तीय वर्ष के लिए आय और व्यय का लेखा-जोखा

**7. ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में 7वें 'हिंद महासागर सम्मेलन' का आयोजन किया जायेगा**




- भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में 7वें हिंद महासागर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे.
- इस सम्मेलन में 22 से अधिक देशों के मंत्री और 16 देशों और 6 बहुपक्षीय संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे.
- इस सम्मेलन का थीम "स्थिर और टिकाऊ हिंद महासागर की ओर" (Towards a Stable and Sustainable Indian Ocean) है.

**8. अनुराग सिंह ठाकुर ने पहली बिम्सटेक एक्वेटिक्स चैंपियनशिप की शुरुआत की**



- केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने नई दिल्ली में बिम्सटेक एक्वेटिक्स चैंपियनशिप 2024 की शुरुआत की।
- बिम्सटेक एक्वेटिक्स चैंपियनशिप पहली बार आयोजित की जा रही है।
- इसकी घोषणा प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में चौथे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान की थी, जहां उन्होंने भारत में बिम्सटेक युवा जल खेल प्रतियोगिता के आयोजन की घोषणा की थी।
- यह आयोजन शुरू में वर्ष 2021 के लिए प्रस्तावित था, हालाँकि, बाद में दुनिया भर में COVID-19 महामारी के प्रकोप के कारण इसे 2024 तक के लिए स्थगित कर दिया गया था।

**9. डॉ. बीना मोदी को 'वर्ष 2023 की उत्कृष्ट बिजनेस वुमन' चुना गया**



- मोदी एंटरप्राइजेज की चेयरपर्सन डॉ. बीना मोदी को भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा 'आउटस्टैंडिंग बिजनेस वुमन ऑफ द ईयर 2023' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- यह पुरस्कार उन्हें इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएसीसी) द्वारा 'अमृतकाल-आत्मनिर्भर भारत में भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करना' विषय पर एक प्रतिष्ठित सम्मेलन में प्रदान किया गया।

- मोदी एंटरप्राइजेज - केके मोदी ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. बीना मोदी, ग्रुप के एफएमसीजी दिग्गज गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया की भी प्रमुख हैं और भारत के कृषि-रसायन नेताओं में से एक, इंडोफिल, चेयरपर्सन और प्रबंध निदेशक के रूप में हैं।

**10. पीटी उषा को एसजेएफआई और डीएसजेए द्वारा आजीवन पुरस्कार से सम्मानित किया गया**



- महान धावक और IOA अध्यक्ष पीटी उषा को स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट फेडरेशन ऑफ इंडिया और दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन से 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार मिला।
- टेनिस के दिग्गज विजय अमृतराज, बैडमिंटन आइकन प्रकाश पदुकोण, महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर और प्रतिष्ठित धावक मिल्खा सिंह के बाद उषा इस पुरस्कार की पांचवीं प्राप्तकर्ता हैं।
- उषा ने 1977 से 2000 के बीच अपने यादगार करियर में भारत के लिए 103 अंतरराष्ट्रीय पदक जीते।
- उन्होंने एशियाई खेलों में चार स्वर्ण और सात रजत पदक भी जीते और ओलंपिक के तीन संस्करणों में प्रतिस्पर्धा की।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **सरकार ने किस वर्ष तक देश भर में 25,000 जनऔषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है?**
   (a) मार्च 2025
   (b) मार्च 2026
   (c) दिसंबर 2025
   (d) दिसंबर 2026
2. **आरबीआई ने लगातार छठी बार रेपो रेट की दर कितने प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है?**
   (a) 6.0%
   (b) 6.25%
   (c) 6.5%
   (d) 6.75%
3. **8 फरवरी को लोकसभा में किसके द्वारा श्वेत पत्र पेश किया गया है?**
   (a) निर्मला सीतारमन
   (b) पीयूष गोयल
   (c) धर्मेंद्र प्रधान
   (d) स्मृति ईरानी
4. **किसकी तस्वीर खींचने वाले को वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर पीपुल्स च्वाइस अवार्ड मिला है?**
   (a) पिग्मी बकरी
   (b) एक्सोलोटल
   (c) अफ़्रीकी पंजे वाले मेंढक
   (d) पोलर बीयर
5. **लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स रिपोर्ट 2023 में भारत का कौनसा स्थान रहा है?**
   (a) 37
   (b) 38
   (c) 39
   (d) 40
6. **वित्तीय वर्ष 2024-25 के राजस्थान के लेखानुदान (बजट) किसके द्वारा पेश किया जाएगा**
   (a) भजनलाल शर्मा
   (b) डॉ. प्रेमचंद बेरवा
   (c) दिया कुमारी
   (d) वसुंधरा राजे
7. **7वें 'हिंद महासागर सम्मेलन' का आयोजन किस देश में किया जायेगा?**
   (a) भारत
   (b) मालदीव
   (c) थाईलैंड
   (d) ऑस्ट्रेलिया
8. **नई दिल्ली में बिम्सटेक एक्वेटिक्स चैंपियनशिप 2024 की शुरुआत किसने की?**
   (a) अनुराग ठाकुर
   (b) पीयूष गोयल
   (c) जितेंद्र सिंह
   (d) नितिन गडकरी
9. **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा 'आउटस्टैंडिंग बिजनेस वुमन ऑफ द ईयर 2023' पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है?**
   (a) बीना मोदी
   (b) पारुल मोदी
   (c) अंशिका मोदी
   (d) सपना मोदी
10. **हाल ही में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट फेडरेशन ऑफ इंडिया और दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन से 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार किसे मिला है?**
    (a) रवि शास्त्री
    (b) पीटी उषा
    (c) राहुल द्रविड़
    (d) महेन्द्र सिंह धोनी

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (b) | (c) | (a) | (d) | (b) | (c) | (d) | (a) | (a) | (b) |